# कम्युनलिज्म वॉच

खंड: 3,अंक-1 1 जनवरी- 31 जनवरी, 2017

## इस अंक में

**सांप्रदायिक घटनाएं** 1-4

**सांप्रदायिक हिंसा और तनाव**

- पंजाब में मृत जानवरों से तनाव
- लुधियाना में बुक स्टॉल पर हमला
- जम्मू में गौ हत्या का विवाद
- मणिपुर में हत्या से तनाव
- देवरिया में मृतक जानवरों से तनाव
- कर्नाटक में बस्वैश्वरा की मूर्ति का विवाद
- पश्चिम बंगाल में गौमांस से तनाव
- ओडिशा में सामान्य विवाद में हिंसा
- गुजरात में गौहत्या से तनाव
- आगरा में धार्मिक स्थल पर तोड़-फोड़
- हावड़ा जिले में सरस्वती पूजा से विवाद

**शिक्षा का भगवाकरण** 8-9

- शोध पत्र में मुअन जोदड़ो को बताया वैदिक सभ्यता
- आईसीएचआर में आरएसएस पदाधिकारी की नियुक्ति
- एफटीआईआई में सावरकर पर प्रदर्शनी आयोजित

**सांप्रदायिक रणनीति** 5-8

- दुर्गावाहिनी की मोरल पोलिसिंग
- भाजपा ने लगाया ओवैसी पर संवेदनशील भाषण का आरोप
- भोपाल में विहिप ने किया शादी का विरोध
- दो परिवारों के विवाद को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास
- दास्तानगोई की तर्ज पर आरएसएस का कथा सागर
- मुजफ्फरनगर पर आरएसएस की डॉक्युमेंटरी
- कुशीनगर में हिंदू युवावाहिनी पर अपहरण का आरोप
- मध्यप्रदेश के नए इलाकों में हो रहा है तनाव
- महिला के साथ हुई अभद्रता को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास
- कोलकाता में आरएसएस कार्यक्रम को हाइकोर्ट की अनुमति
- गांधी की तस्वीर हटाने की मांग
- कर्नाटक में दलित ईसाईयों के प्रार्थना स्थल का विरोध
- सार्वजनिक जगहों पर धार्मिक तस्वीरों का विरोध
- चुनाव से पहले विहिप ने उठाया मंदिर का मुद्दा
- बीएमसी के चुनावों में शिवसेना की हिंदुत्ववादी राजनीति
- विवादित पुरातत्ववेत्ता को पद्मश्री पुरस्कार मिला
- गाजियाबाद की घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश
- भाजपा के घोषणापत्र पर सांप्रदायिक होने का आरोप
- केरल में आरएसएस के कार्यकर्ता ने लगाए आरएसएस पर आरोप
- गांधी की हत्या के दिन उत्सव मनाया

**न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया** 9-11

- इतिहासकार इरफान हबीब के खिलाप आरएसएस की याचिका
- कर्नाटक में भाजपा सांसद के खिलाफ हेट स्पीच का केस
- जम्मू में निर्दलीय विधायक के दौरे को लेकर विवाद
- राजस्थान के वाइस चांसलर की नियुक्ति अवैध
- अदालत ने गौहत्या के आरोपी को निर्दोष कहा
- साक्षी महाराज को चुनाव आयोग का सम्मन
- बाबू बजरंगी ने जमानत याचिका वापस ली
- मोहसिन शेख हत्याकांड के तीन आरोपियों को जमानत
- डॉक्युमेंटरी दिखाने पर संगीत सोम की गिरफ्तारी
- धुलागढ़ हिंसा: सीबीआई जांच की याचिका अस्वीकृत
- हाइकोर्ट में कैराना के कथित हिंदू पलायन पर याचिका
- सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक स्थलों को जमीन आवंटन पर सुनवाई
- बजरंग दल ने किया धारा 144 का उल्लंघन
- सुरेश राणा के खिलाफ हेट स्पीच का केस दर्ज
- सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को लागू करेगा चुनाव आयोग

**किताब** 11

- भागलपुर और गुजरात दंगो पर किताब

| सांप्रदायिक घटनाएं | | |
|---|---|---|
| **सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव** | | |
| **घटनाएं** | **सम्मिलित संगठन/ समूह** | **दिनांक और घटना स्थल** |
| **पंजाब में मृत जानवरों से तनाव**<br>पंजाब के मोगा जिले में 21 मृत जानवरों के मिलने से तनाव हुआ। इस केस में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। खबर में कहा गया है कि आरोपी ने बयान दिया है कि 30 और जानवरों को मारने की योजना थी। पुलिस की कार्रवाई में कुछ जानवरों को छुड़ाकर गौशाला ले जाया गया।<br>http://www.deccanherald.com/content/589745/tension-punjab-21-cows-slaughtered.html<br>Date Accessed: 4/1/2017 | | (तारीख का जिक्र नहीं है) मोगा, पंजाब |
| **लुधियाना में बुक स्टॉल पर हमला**<br>लुधियाना में हिंदुत्ववादी संगठन ने जनचेतना के बुक स्टॉल पर हमला किया। कार्यकर्ताओं ने इसे चलाने वाली एक महिला के साथ अभद्रता की और किताबों को आग लगाने की धमकी दी। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि हिंदू विरोधी साहित्य बेचा जा रहा था। कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह की किताब 'मैं नास्तिक क्यों हूं' बेचने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।<br>https://kafila.online/2017/01/06/hindutva-fascists-ransack-janchetna-book-shop-in-ludhiana/<br>Date Accessed: 6/1/2017 | हिंदुत्ववादी संगठन | 2/1/2017 लुधियाना पंजाब |
| **जम्मू में गौ हत्या का विवाद**<br>जम्मू के कठुआ में गाय मारे जाने के आरोपों को लेकर तनाव हुआ। नेशनल कांफ्रेस ने आरोप लगाया है कि कठुआ में आरएसएस और भाजपा के लोगों ने गुज्जर मुस्लिमों पर हमला किया। इससे पहले आरएसएस कार्यकर्ताओं ने हरी चेक के गांव में गाय मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने कठुवा सांप्रदायिक हिंसा में एफआईआर दर्ज किया है और इसकी जांच एसआईटी करेगी।<br>http://www.thehindu.com/news/national/Communal-tension-grips-Kathua/article17014618.ece<br>http://www.kashmirmonitor.in/Details/116270/police-constitutes-sit-to-probe-kathua-communal-violence-case<br>Date Accessed: 19/1/2017 | गुज्जर, भाजपा, आरएसएस | 9/1/2017 कठुआ, जम्मू |
| **मणिपुर में हत्या से तनाव**<br>मणिपुर कस्बे मोरेह के एक गांव के मुखिया और चर्च के चेयरमैन की अपहरण के बाद हुई हत्या से तनाव है। इस मामले में नागा विद्रोहियों पर संदेह किया जा रहा है। कूकी स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन ने संभावना जताया है कि यह सीमा के पास के कस्बों में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश है।<br>http://www.nagalandpost.com/ChannelNews/Regional/RegionalNews.aspx?news=TkVXUzEwMDEwODA4Mg%3D%3D<br>Date Accessed: 11/1/2017 | अस्पष्ट | 8/1/2017 मोरेह, मणिपुर |
| **देवरिया में मृतक जानवरों से तनाव**<br>देवरिया के मदनपुर ब्लॉक में मरे हुए जानवरों मिलने से तनाव हुआ। हिंदू युवावाहिनी के कार्यकर्ताओं ने | हिंदू | 4/1/2017, 13/1/2017 |

| | | |
|---|---|---|
| इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 4 जनवरी को एक गायब युवक की लाश बरामद होने पर भी तनाव हुआ था। http://timesofindia.indiatimes.com/city/varanasi/cow-slaughter-rumour-sparks-tension/articleshow/56533331.cms Date Accessed: 14/1/2017 | युवावाहिनी | देवरिया, उत्तरप्रदेश |
| **कर्नाटक में बस्वैश्वरा की मूर्ति का विवाद** 14 जनवरी को कर्नाटक के निदोनी गांव में बस्वैश्वरा की मूर्ति के साथ हुई छेड़-छाड़ के बाद स्थिति तनावपूर्ण हुई। इस मामले में भाजपा से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि गिरफ्तार कार्यकर्ताओं ने इसके जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/BJP-Congress-continue-to-spar-over-Basaveshwara-statue-desecration/article17083652.ece Date Accessed: 24/1/2017 | भाजपा | 14/1/2017 बीजापुर, कर्नाटक |
| **पश्चिम बंगाल में गौमांस से तनाव** कोलकाता के मेटियाबुर्ज इलाके में एक मंदिर में गौमांस फेंकने के आरोपों के बाद तनाव हुआ। 23 जनवरी की घटना के बाद इलाके में धारा 144 लगा दी गयी। पिछले महीनों में ठीक इसी तरह के विवाद राज्य के मालदा, मुर्शिदाबाद, हुगली, पूर्वी मिदनापुर, पश्चिमी मिदनापुर, उत्तरी परगना, हावड़ा और बर्दवान जिलों में भी हुए हैं। http://www.hindustantimes.com/india-news/beef-thrown-in-temple-bengal-govt-worried-as-communal-clashes-spread-to-kolkata/story-yIsnXKOm1R6NHJ4SYQ6myN.html Date Accessed: 29/1/2017 | अज्ञात | 23/1/2017 कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| **ओडिशा में सामान्य विवाद में हिंसा** सुंदरगढ़ के राजगंगपुर में दो समुदायों के बीच झड़प हुई। दो समुदायों के कुछ युवकों के बीच सामान्य विवाद को लेकर तनाव हुआ। मामला अदालत में है लेकिन एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के लोगों को पुलिस शिकायत वापस लेने के लिए कहा। इस दौरान हुए विवाद में एक समुदाय के तीन लोग हमले में घायल हो गए। http://www.newindianexpress.com/states/odisha/2017/jan/29/youth-communal-groups-clash-in-rajgangpur-police-forces-deployed-1564670.html Date Accessed: 29/1/2017 | स्थानीय समुदाय | 27/1/2017 सुंदरगढ़, ओडिशा |
| **गुजरात में गौहत्या से तनाव** सूरत में गाय का सिर मिलने के बाद सांप्रदायिक तनाव हुआ। गोडाडारा इलाके के महाराणा प्रताप चौक में काफी संख्या में भीड़ पहुंच गयी और पथराव होने लगा। इस मामले में बजरंग दल को कार्यकर्ताओं से पुलिस पूछ-ताछ हुई है। इस घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है। http://www.thehindubusinessline.com/news/national/communal-tension-breaks-out-in-surat/article9510112.ece Date Accessed: 30/1/2017 | अस्पष्ट | 30/1/2017 सूरत, गुजरात |
| **आगरा में धार्मिक स्थल पर तोड़-फोड़** आगरा के बोदला रोड इलाके में धार्मिक स्थल पर हुई कथित तोड़-फोड़ के बाद तनाव हुआ। हिंदुत्ववादी कार्यकर्ताओं ने इसके खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। हिंदू जागरण मंच ने कहा कि वह मंदिर परिसर में 30 जनवरी के दिन महाआरती का आयोजन करेंगे। प्रशासन ने मंदिर के भीतर नयी मूर्ति स्थापित करवा दिया है। | हिंदू जागरण मंच | 28/1/2017 आगरा, उत्तरप्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/tension-in-city-after-vandals-break-idol/articleshow/56840040.cms<br>Date Accessed: 30/1/2017 | | |
| **हावड़ा जिले में सरस्वती पूजा से विवाद**<br>पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में सरस्वती पूजा को लेकर विवाद हुआ। नबी दिवस के विवाद में स्कूल दो महीने से बंद थे जिन्हें सैकड़ों छात्रों ने सरस्वती पूजा मनाने के लिए खोलने की मांग की। छात्रों ने नेशनल हाइवे को इस दौरान जाम कर दिया।<br>http://indiatoday.intoday.in/story/bengal-school-shut-down-communal-tension/1/870759.html<br>Date Accessed: 31/1/2017 | स्थानीय छात्र | हावड़ा, पश्चिम बंगाल |

| सांप्रदायिक रणनीतियां | |
|---|---|
| **सांप्रदायिक संगठन** | |
| **रणनीतियां** | **सम्मिलित संगठन** |
| **दुर्गावाहिनी की मोरल पोलिसिंग**<br>महाराष्ट्र में विहिप के महिला विंग दुर्गा वाहिनी ने नए साल के दिन पर्यटकों के साथ मोरल पोलिसिंग के प्रयास किए। महिला कार्यकर्ताओं के हाथ में लाठियां थी। दुर्गावाहिनी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि मालवा किले में उन्हें शराब बोतलें मिली थीं और इसलिए संगठन शिवाजी महाराज के किले की पवित्रता बचाने के लिए आगे आया है। रायगड़ पुलिस ने कहा है कि संगठन सामाजिक सेवा कर रहा है।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/navi-mumbai/vhps-womens-wing-plays-moral-cop-with-police-nod/articleshow/56303836.cms<br>Date Accessed:3/1/2017 | दुर्गावाहिनी |
| **भाजपा ने लगाया ओवैसी पर संवेदनशील भाषण का आरोप**<br>भाजपा ने एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है कि उनके भाषण से सांप्रदायिक तनाव हो सकता है। ओवैसी ने मुस्लिमों के लिए अलग बजट बनाने की बात कही थी। ओवैसी ने कहा था कि अगर पार्टी को सहयोग मिलता है और राजनैतिक ताकत मिलती है तो वह अलग बजट की कोशिश करेंगे।<br>http://www.newindianexpress.com/nation/2017/jan/03/bjp-moves-ec-against-owaisi-for-spl-muslim-budget-remark-1555493.html<br>Date Accessed: 3/1/2017 | भारतीय जनता पार्टी |
| **भोपाल में विहिप ने किया शादी का विरोध**<br>भोपाल में विहिप कार्यकर्ताओं ने एक शादी का विरोध किया। 2013 में विशाल मित्रा ने एक चर्च में गिटार बजाया था और हिंदुत्ववादी दलों ने कहा था कि विशाल मित्रा ईसाई है। जबकि दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत विवाह का आवेदन किया था जिसमें दोनों ने अपनी पहचान हिंदू बताया था।<br>http://indianexpress.com/article/india/vhp-activists-oppose-marriage-of-youth-who-performed-at-church-event-4457898/<br>Date Accessed:4/1/2017 | विश्व हिंदू परिषद |
| **दो परिवारों के विवाद को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास**<br>गाजियाबाद के लोनी इलाके में एक परिवार को कथित तौर पर हटाने को लेकर भाजपा और बजरंग दल ने महापंचायत आयोजित करने की बात कही। धारा 144 के कारण महापंचायत का आयोजन नहीं किया जा सका। महापंचायत में संगीत सोम को शामिल होना था। पुलिस ने कहा कि घटना दो परिवारों के बीच विवाद से जुडी हुई है।<br>http://khabar.ndtv.com/news/uttar-pradesh/police-restrictions-keep-sangeet-som-away-from-addressing-mahapanchayat-near-ghaziabad-1644744<br>Date Accessed:4/1/2017 | भारतीय जनता पार्टी, बजरंग दल |
| **दास्तानगोई की तर्ज पर आरएसएस का कथा सागर**<br>आरएसएस दास्तानगोई की तर्ज पर कथा सागर शुरू करेगा। इसमें केबी हेडगेवार, वीडी सावरकर और राणा प्रताप की कहानी कही जाएगी। आरएसएस ने कहा है कि इसके जरिए संगठन युवाओं और बच्चों के बीच आरएसएस की विचारधारा ले जाएगा। | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |

| | |
|---|---|
| http://www.news18.com/news/india/rss-to-have-its-own-dastangoi-to-narrate-the-legend-of-hedgewar-savarkar-1331606.html<br>Date Accessed:5/1/2017 | |
| **मुजफ्फरनगर पर आरएसएस की डॉक्युमेंटरी**<br>मुजफ्फरनगर के 2013 के दंगो पर आरएसएस ने एक डॉक्युमेंटरी फिल्म बनाया है। 'मुजफ्फरनगर, आखिर क्यों' नाम की इस फिल्म को वुडपेकर फिल्म महोत्सव में दिखाया जा चुका है। आरएसएस की योजना के अनुसार इसे अब स्कूल, कॉलेजों में प्रदर्शित किया जाना है।<br>http://www.firstpost.com/india/muzaffarnagar-akhir-kyon-documentary-backed-by-sangh-parivar-offers-new-perspective-on-2013-riots-3188034.html<br>Date Accessed:8/1/2017 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |
| **कुशीनगर में हिंदू युवावाहिनी पर अपहरण के आरोप**<br>कुशीनगर जिले में मुस्लिम लड़कियों के अगवा करने और उनसे जबरन शादी करने के मामले में आरोप है कि योगी आदित्यनाथ का संगठन हिंदू युवावाहिनी इसके पीछे है और सुनियोजित तरीके से ऐसी घटनाएं हो रही हैं जिसमें गरीब मुस्लिम लड़कियों को निशाना बनाया जा रहा है।<br>http://www.dnaindia.com/india/report-ahead-of-up-state-elections-love-jihad-20-polarises-kushinagar-2290490<br>Date Accessed: 9/1/2017 | हिंदू युवावाहिनी |
| **मध्यप्रदेश के नए इलाकों में हो रहा है तनाव**<br>मध्यप्रदेश के उत्तरी इलाकों में भी सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं हो रही हैं जिनमें ग्वालिर, भिंड जैसे इलाके शामिल हैं। इससे पहले आम तौर पर राज्य के पश्चिमी इलाके ही सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील रहे हैं। इंदौर, उज्जैन, धार, देवास, बुरहानपुर में सांप्रदायिक घटनाएं होती रही हैं। राज्य पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि शहरी इलाकों के अलावा अब ग्रामीण इलाकों में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं।<br>http://admin.freepressjournal.in/bhopal/bhopal-communal-virus-spreads-to-new-parts-of-state-police-take-notice/1000745<br>Date Accessed: 11/1/2017 | |
| **महिला के साथ हुई अभद्रता को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास**<br>राजस्थान के अलवर में एक लड़की के साथ हुई अभद्रता को विहिप, शिवसेना के सदस्यों ने सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। हिंदुत्ववादी संगठनों के विरोध प्रदर्शन के दौरान दो गुटों में हिंसा भी हुई जिसमें 3-4 लोग घायल हो गए।<br>http://www.samaylive.com/regional-news-in-hindi/rajasthan-news-in-hindi/370917/assaulted-the-girl-in-alwar.html<br>Date Accessed:11/1/2017 | विहिप, शिवसेना |
| **गांधी की तस्वीर हटाने की मांग**<br>खादी ग्रामोद्योग के कैलेंडर से महात्मा गांधी की तस्वीर हटाने का अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने स्वागत किया और सरकार के कदम को सही बताया। हिंदू महासभा ने अपनी मांग को फिर से दोहराया है कि भारतीय मुद्रा से गांधी की तस्वीर हटा देना चाहिए।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/-hindu-mahasabha-welcomes-gandhi-picture-removal-wants-him-to-go-from-currency-too/articleshow/56541254.cms<br>Date Accessed:15/1/2017 | अखिल भारतीय हिंदू महासभा |
| **कर्नाटक में दलित ईसाईयों के प्रार्थना स्थल का विरोध**<br>कर्नाटक के अर्सिकेरे तालुका के चिंदेनहल्ली गांव में दलित ईसाइयों के नए बने प्रार्थना स्थल को लेकर बजरंग दल के लोगों ने विरोध किया। गांव के ही एक दलित शिवन्ना ने अपने घर को प्रार्थना स्थल में बदला, जिसे लेकर हिंदुत्वादी संगठनों ने | बजरंग दल |

| | |
|---|---|
| प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि आश्रय हाउस स्कीम के तहत आवंटित घरों को ईसाई धार्मिक स्थल में बदल दिया। http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/Activists-public-clash-over-inauguration-of-prayer-hall/article17041331.ece Date Accessed: 15/1/2017 | |
| **सार्वजनिक जगहों पर धार्मिक तस्वीरों का विरोध** बजरंग दल ने जमशेदपुर में सरकारी इमारतों और सार्वजनिक जगहों पर टाइलों पर हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीर लगाने का विरोध किया और प्रशासन को ज्ञापन दिया। बजरंग दल ने कहा है कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। http://www.livehindustan.com/news/jamshedpur/article1-Gods-were-not-on-the-picture-tiles:-Bajrang-Dal-674002.html Date Accessed:21/1/2017 | बजरंग दल |
| **चुनाव से पहले विहिप ने उठाया मंदिर का मुद्दा** विधानसभा चुनावों को ठीक पहले विहिप ने फिर से राममंदिर का मुद्दा उठाना शुरू कर दिया है। विहिप ने घोषणा की है वह इसके लिए उत्तरप्रदेश में 600 जिलों में टोली बनाएगी। ये टोली राममंदिर मुद्दे पर लोगों के बीच सहमति बनाएगी। http://www.amarujala.com/india-news/vishva-hindu-parishad-raised-ram-mandir-issue Date Accessed:24/1/2017 | विश्व हिंदू परिषद |
| **बीएमसी के चुनावों में शिवसेना की हिंदुत्ववादी राजनीति** महाराष्ट्र सरकार ने  एक सर्कुलर जारी किया है जिसमें कहा गया है कि सरकारी दफ्तरों में धार्मिक गतिविधियां न हों और धार्मिक तस्वीरें न लगायी जाएं। यह भारतीय संविधान के विरुद्ध है। शिवसेना बीएमसी चुनावों को देखते हुए मराठी मानुस की जगह हिंदुत्व के ऐसे मुद्दे को अपने चुनावी अभियान का हिस्सा बनाएगी। http://www.dnaindia.com/india/report-bmc-polls-as-fadnavis-looks-to-remove-gods-from-offices-uddhav-plans-to-ride-hindutva-bandwagon-2296107 Date Accessed:25/1/2017 | शिवसेना |
| **विवादित पुरातत्ववेत्ता को पद्मश्री पुरस्कार मिला** पुरातत्ववेत्ता अरुण शर्मा को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया। अरुण शर्मा ने अयोध्या को लेकर लखनऊ हाइकोर्ट में बयान दिया था कि अयोध्या के विवादित ढांचे में कभी नमाज नहीं पढ़ा गया। ऐसा कहा जाता है कि विहिप के नेता अशोक सिंघल ने अरुण शर्मा को अयोध्या पर अध्ययन करने के लिए कहा था। अरुण शर्मा पर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने एक प्राचीन बौद्ध स्थल के साथ छेड़-छाड़ करने का आरोप भी लगाया है। http://naidunia.jagran.com/chhattisgarh/rprarun-sharma-padam-969883 Date Accessed:26/1/2017 | भारत सरकार |
| **गाजियाबाद की घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश** 65 साल के व्यक्ति सिंघासन यादव की हत्या को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गयी है। गाजियाबाद की घटना को हिंदुत्ववादी संगठनों ने इस घटना को सांप्रदायिक रंग दिया लेकिन परिवार के लोगों ने इससे इंकार किया। इस मामले में पुलिस ने परिवार की शिकायत दर्ज कर ली है। http://www.hindustantimes.com/noida/shaheed-nagar-murder-family-denies-communal-angle-to-incident/story-KKFg2zdBgrgpxWmju7T7VJ.html Date Accessed:28/1/2017 | हिंदुत्ववादी संगठन |
| **भाजपा के घोषणापत्र पर सांप्रदायिक होने का आरोप** भारतीय जनता पार्टी पर आरोप है कि उत्तरप्रदेश के चुनावों में जारी घोषणापत्र का स्वर सांप्रदायिक है। पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कैराना में पलायन और राममंदिर के मुद्दों पर पार्टी की प्रतिबद्धता जाहिर की गयी है। हालांकि मुजफ्फरनगर दंगा पीड़ितों के लिए घोषणा पत्र में कुछ नहीं कहा गया है। | भारतीय जनता पार्टी |

| | |
|---|---|
| http://indianexpress.com/article/opinion/web-edits/expectedly-bjps-up-manifesto-is-laced-with-communal-overtones-4497498/<br>Date Accessed: 29/1/2017 | |
| **केरल में आरएसएस के कार्यकर्ता ने लगाए आरएसएस पर आरोप**<br>केरल में आरएसएस से जुड़े पूर्व कार्यकर्ता ने स्वीकार किया है कि आरएसएस ने सांप्रदायिक रंग देने के लिए उसे मारने की कोशिश की। आरएसएस ने उसे एक आत्महत्या करने का पत्र लिखने के लिए दबाव डाला और कहा कि सीपीआई (एम) पर आरोप लगाए। आरएसएस पर आरोप है उसने युवक को कई घंटो तक बंधक बनाए रखा और प्रताड़ित किया।<br>http://www.siasat.com/news/ex-member-exposed-rss-used-trigger-violence-ramadan-burn-church-1119420/<br>Date Accessed: 29/1/2017 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |
| **गांधी की हत्या के दिन उत्सव मनाया**<br>अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने महात्मा गांधी की हत्या के दिन 30 जनवरी को उत्सव मनाया। मेरठ के दफ्तर में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटा। इसी महीने संगठन ने 26 जनवरी को काला दिवस के रूप में मनाया और भारतीय संविधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। हिंदू महासभा यह कार्यक्रम हर साल आयोजित करता है।<br>http://www.thehindu.com/news/national/other-states/Hindu-Mahasabha-celebrates-Gandhijis-death-anniversary/article14028709.ece<br>Date Accessed: 30/1/2017 | अखिल भारतीय हिंदू महासभा |
| **शिक्षा का भगवाकरण** | |
| **शोध पत्र में मुअन जोदड़ो को बताया वैदिक सभ्यता**<br>इंडियन काउंसिल आफ हिस्टॉरिकल रिसर्च के हिंदी जर्नल इतिहास के अंक में एक शोध पत्र प्रकाशित हुआ है जिसमें कहा गया है कि मुअन जोदड़ो की नर्तकी की मूर्ति हिंदू देवी पार्वती की है। यह शोधपत्र बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर ठाकुर प्रसाद वर्मा ने लिखा है। इस शोधपत्र में हड़प्पा सभ्यता को वैदिक सभ्यता कहा गया है।<br>https://scroll.in/article/825782/dancing-girl-as-parvati-is-just-one-of-many-bizarre-claims-in-ichr-journal-paper-on-mohenjo-daro<br>Date Accessed:6/1/2017 | इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च |
| **आईसीएचआर में आरएसएस पदाधिकारी की नियुक्ति**<br>अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना में आरएसएस से आनंद शंकर सिंह की नियुक्ति की गयी है। इतिहासकार गोपीनाथ रवीन्द्रन के इस्तीफे के बाद पद डेढ़ साल से खाली पड़ा था। आनंद शंकर सिंह आईसीएचआर में प्राचीन भारतीय ग्रंथों के कालखंड को लेकर काम करेंगे।<br>http://indianexpress.com/article/india/office-bearer-of-rss-history-wing-set-to-join-indian-council-of-historical-research-4484453/<br>Date Accessed:21/1/2017 | अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना |
| **एफटीआईआई में सावरकर पर प्रदर्शनी आयोजित**<br>गणतंत्र दिवस के दिन एफटीआईआई में अंडमान सेलुलर जेल की प्रतिकृति प्रदर्शित हुई। इसमें वीडी सावरकर का एक दृश्य प्रस्तुत किया गया। आएसएस से जुड़े तरुण भारत ने इस पर एक वीडियो स्टोरी बनायी, जिसमें कहा गया है कि एफटीआईआई में परिवर्तन को अब देखा जा सकता है। छात्रों के एक समूह ने इसे राजनीति से प्रेरित कार्यक्रम कहा।<br>http://indianexpress.com/article/cities/pune/replica-of-cellular-jail-savarkar-at-ftii-rss-media-hails-it-as-parivartan-4498318/<br>Date Accessed: 30/1/2017 | एफटीआईआई, पुणे |

## न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

### इतिहासकार इरफान हबीब के खिलाप आरएसएस की याचिका

अलीगढ़ की एक अदालत ने इतिहासकार इरफान हबीब की टिप्पणी पर सुनवाई की अनुमति दी है। इस संबंध में आरएसएस कार्यकर्ता गोपाल बघेल ने एक याचिका दी थी और एफआईआर दर्ज करने से मना किया था। इरफान हबीब ने टिप्पणी में कहा था कि स्वतंत्रता आंदोलन में आरएसएस की कोई भूमिका नहीं थी।

http://www.thehindu.com/news/national/Court-to-hear-plea-against-historian-Irfan-Habib-for-remarks-on-RSS/article16984063.ece
Date Accessed:3/1/2017

### कर्नाटक में भाजपा सांसद के खिलाफ हेट स्पीच का केस

कर्नाटक के मंगलुरू में दक्षिण कन्नड़ा के भाजपा सांसद नलिन कुमार कतील के खिलाफ हेट स्पीच का मामला दर्ज किया गया। कतील ने कहा था कि अगर भाजपा से जुड़े कार्तिक राज के हत्यारों को नहीं पकड़ा गया तो वे जिले में आग लगा देंगे। इस मामले में धारा 506 के तहत केस दर्ज किया गया है।

http://newstodaynet.com/nation/karnataka-bjp-mp-booked-hate-speech
Date Accessed:5/1/2017

### जम्मू में निर्दलीय विधायक के दौरे को लेकर विवाद

निर्दलीय विधायक अब्दुल रशीद को पुंछ जिले के राजौरी इलाके में दौरा करने से रोक दिया गया। रशीद पर पिछले साल आरएसएस और बजरंग दल के कुछ लोगों ने हमला किया था। अब्दुल रशीद के दौरे को लेकर आशंका थी कि इससे माहौल खराब हो सकता है। रशीद ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पीडीपी-भाजपा गठबंधन जम्मू क्षेत्र में मुस्लिमों की आवाज को दबा रही है।

http://indianexpress.com/article/cities/jammu/independent-mla-abdul-rasheed-stopped-from-visiting-rajouri-poonch-districts-once-again-4462602/
Date Accessed:6/1/2016

### राजस्थान के वाइस चांसलर की नियुक्ति अवैध

राजस्थान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर जे.पी. सिंघल ने इस्तीफा दे दिया। हाइकोर्ट ने 2015 में हुई इस नियुक्ति को ठीक नहीं पाया। इस संबंध में एक याचिका दाखिल की गयी थी जिसमें आरोप था कि वाइस चांसलर की शैक्षिक अर्हता नहीं है। जे.पी. सिंघल आरएसएस की संस्था अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सचिव हैं।

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/Rajasthan-varsity-V-C-resigns-after-court-rap/article17014172.ece
Date Accessed: 9/1/2017

### अदालत ने गौहत्या के आरोपी को निर्दोष कहा

हरियाणा की अदालत ने गौहत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है और केस मनगढंत है। कोर्ट ने इसमें जांच अधिकारी और मुख्य गवाह को दोषी पाया और केस दर्ज करने की बात कही। घटना 2015 की है और उत्तरप्रदेश के बरेली जिले की है।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/gurgaon/cop-witness-booked-for-cooking-up-fake-cow-case/articleshow/56409716.cms
Date Accessed:9/1/2017

### साक्षी महाराज को चुनाव आयोग का सम्मन

साक्षी महाराज को चुनाव आयोग ने सम्मन जारी किया और सांप्रदायिक टिप्पणी के संबंध में पूछा। साक्षी महाराज ने अपने जवाब में कहा है कि जनसंख्या नियंत्रण से जुड़ी उनकी टिप्पणी किसी संप्रदाय विशेष के खिलाफ नहीं थी। मेरठ में आयोजित एक रैली में साक्षी महाराज ने बयान दिया था कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाना चाहिए। और आबादी हिंदुओं के कारण नहीं बढ़ रही है।

http://www.business-standard.com/article/news-ani/sakshi-maharaj-defiant-denies-charges-of-promoting-enmity-on-religious-grounds-117011100342_1.html
Date Accessed:11/1/2017

## बाबू बजरंगी ने जमानत याचिका वापस ली

बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी ने गुजरात हाईकोर्ट में जमानत की याचिका वापस ले ली। 2002 के नरोदा पाटिया में सजायाफ्ता बजरंगी ने खराब स्वास्थ्य को जमानत का आधार बनाया था। अदालत ने जेल अधिकारियों से पूछा कि खराब स्वास्थ्य होने पर वह जेल में किस तरह रह रहा है, इसका ब्यौरा दिया जाए।

http://khabar.ndtv.com/news/ahmedabad/naroda-patia-massacre-babu-bajrangi-withdraws-bail-plea-1649533

Date Accessed:17/1/2017

## मोहसिन शेख हत्याकांड के तीन आरोपियों को जमानत

2014 में पुणे के मोहसिन शेख हत्याकांड में हिंदू राष्ट्र सेना के तीन आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की है कि धर्म के नाम पर उकसाने पर उन्होंने हत्या कर दी। इस मामले में 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मृतक का परिवार इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती के लिए पेश करेगा।

http://www.outlookindia.com/website/story/bombay-high-court-thinks-hindu-rashtra-sena-men-who-murdered-a-muslim-over-relig/297681

Date Accessed:17/1/2017

## डॉक्युमेंटरी दिखाने पर संगीत सोम की गिरफ्तारी

भाजपा विधायक संगीत सोम ने यूपी चुनावों के पहले प्रचार गाड़ी में एक डॉक्युमेंटरी का प्रदर्शन किया। इसमें मुजफ्फरनगर दंगो से जुड़े दृश्य हैं। 21 मिनट की इस फिल्म में कई आपत्तिजनक दृश्य हैं। इस संबंध में बरामद सीडी की जांच करके एक रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजा गया है। इस मामले में संगीत सोम और वाहन चालक पर केस दर्ज किया गया है।

http://timesofindia.indiatimes.com/elections/assembly-elections/uttar-pradesh/news/bjp-mla-shows-13-riots-clippings-booked/articleshow/56651778.cms?

Date Accessed:19/1/2017

## धुलागढ़ हिंसा: सीबीआई जांच की याचिका अस्वीकृत

धुलागढ़ में हुई हिंसा की सीबीआई जांच की याचिका को सुप्रीम कोर्ट नकार दिया है। जस्टिस मदन बी. लोकुर और पीसी पंत ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट केस देख सकती है। बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि क्या आप हाइकोर्ट में इस मुद्दे को लेकर गए। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि राज्य पुलिस धुलागढ़ हिंसा को रोकने में नाकाम हुई थी।

http://www.ndtv.com/india-news/dhulagarh-violence-supreme-court-refuses-to-hear-plea-for-cbi-probe-1650996

Date Accessed:20/1/2017

## हाइकोर्ट में कैराना के कथित हिंदू पलायन पर याचिका

इलाहाबाद हाइकोर्ट ने उत्तरप्रदेश सरकार से पूछा है कि कैराना में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने क्या किया है। शामली जिले में हिंदुओं के कथित पलायन की सीबीआई जांच के लिए याचिका डाली गयी थी। पीआईएल में आरोप लगाया गया है कि NHRC के संज्ञान लेने के बाद जारी नोटिस पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया और केस के लिए उपस्थित नहीं हुए।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/allahabad/what-has-been-done-for-safety-of-hindus-in-kairana-hc-asks-up-government/articleshow/56675800.cms?

Date Accessed:20/1/2017

## सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक स्थलों को जमीन आवंटन पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय लिया है कि अदालत इसकी जांच करेगा कि धर्मनिरपेक्ष नीतियों के बाद भी कैसे कोई सरकार धार्मिक स्थलों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित कर सकती हैं। चीफ जस्टिस जे.एस. खेहर और डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को निर्देश दिया है कि इस तरह के सारे मामलों की सूची बनायी जाए। 2008 में इस संबंध में चेन्नई के नागरिक समूह ने एक अपील की थी।

https://www.telegraphindia.com/1170121/jsp/nation/story_131610.jsp#.WI9-ypk2vIU

Date Accessed:21/1/2017

### बजरंग दल ने किया धारा 144 का उल्लंघन

बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक मनोज वर्मा सहित 250 लोगों के खिलाफ आगरा के रकाबगंज में मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि इन लोगों ने धारा 144 का उल्लंघन किया और बिना अनुमति के जुलूस निकाला। राष्ट्रीय संयोजक के आगरा आने पर बजरंग दल ने स्वागत जुलूस का आयोजन किया था।

http://www.amarujala.com/uttar-pradesh/agra/crime/fir-on-bajrang-dal-national-convenor
Date Accessed:24/1/2017

### सुरेश राणा के खिलाफ हेट स्पीच का केस दर्ज

भाजपा नेता सुरेश राणा को हेट स्पीच के मामले में गिरफ्तार किया। सुरेश राणा ने बयान दिया था कि अगर वह विधानसभा चुनाव जीत गए तो कैराना, मुरादाबाद और देवबंद में कर्फ्यू लगेगा। सुरेश राणा मुजफ्फरनगर दंगे के आरोपी हैं।

http://www.thehindu.com/elections/uttar-pradesh-2017/BJP-candidate-booked-for-hate-speech/article17119092.ece
Date Accessed:31/1/2017

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को लागू करेगा चुनाव आयोग

मुख्य चुनाव आयुक्त नसीम जैदी ने उत्तरप्रदेश के 26 जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक की और कहा है कि आयोग सांप्रदायिकता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को सख्ती से लागू करेगा। चुनाव के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द को कायम रखा जाएगा और किसी को भी धर्म और जाति के आधार पर बयान देने से रोका जाएगा।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/-will-strictly-implement-sc-order-to-maintain-communal-harmony-ec/articleshow/56878479.cms
Date Accessed:31/1/2017

## किताब

### भागलपुर और गुजरात दंगो पर किताब

वारिशा फरासत और प्रीता झा की किताब Splintered Justice: Living the Horror of Mass Communal Violence in Bhagalpur and Gujarat में भागलपुर और गुजरात दंगो पर राज्य की भूमिका को जांचा गया है। किताब में कहा गया है कि इसमें राज्य की भूमिका को इस संदर्भ में रखा गया है कि किस तरह राज्य अल्पसंख्यकों को बचाने में असफल हुआ। दोनों ही घटनाओं में पुलिस पर राजनीतिक दबाव पड़ा।

http://indianexpress.com/article/lifestyle/books/while-the-city-burned-4494944/
Date Accessed:28/1/2017

**Connect with RGICS at:** info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है।